# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–24 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपदों में मनाये जा रहे सुशासन सप्ताह के समापन अवसर पर लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में अटल युवा महाकुंभ और दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने छः सौ बासठ करोड़ रुपये की एक सौ इक्यासी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही, समारोह के तहत हुयी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन और विचारधारा आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं, उनका व्यक्तिव इतना विराट था कि उनकी कार्यशैली और फैसलों की पूरी दुनिया कायल थी। लखनऊ, अटल जी के दिल में बसता था और यहां के लोग उन्हें उतनी ही गहराइ से जानते और समझते थे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा महाकुंभ जैसे आयोजन अटल जी के प्रति देश–प्रदेश के अनुराग और प्रेम को व्यक्त करते हैं।

**********

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक अगले महीने की आठ तारीख को होगी। उनतालीस सदस्यीय समिति में लोकसभा के सत्ताइस और राज्यसभा के बारह सदस्य शामिल हैं। समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**********

दूर संचार नियामक ट्राइ ने कल टैरिफ नियमों में संशोधन करते हुए मोबाइल सेवा प्रदाताओं को डाटा का उपयोग नहीं करने वाले ग्राहकों के लिये वायस कॉल और एसएमएस के लिये अलग से प्लान जारी करने का आदेश दिया है। इस निर्णय से उपभोक्ताओं को उन सेवाओं के लिये ही भुगतान करना होगा, जिनका वे आम तौर पर उपयोग करते हैं। नियामक ने विशेष रिचार्ज कूपन पर नब्बे दिनों की सीमा को हटाते हुए इसे तीन सौ पैंसठ दिनों तक बढ़ा दिया है। ट्राइ ने दूर संचार उपभोक्ता संरक्षण विनियम दो हजार चौबीस में कहा कि सेवा प्रदाता को कम से कम एक विशेष टैरिफ बाउचर विशेष रूप से वायस यानी बातचीत और एसएमएस के लिये देना होगा, जिसकी वैधता अवधि तीन सौ पैंसठ दिनों से अधिक नहीं होगा।

**********

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में उपभोक्ता हितों से जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हर साल चौबीस दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उन्नीस सौ छियासी लागू हुआ था। उपभोक्ता दिवस के अवसर पर इस वर्ष का विषय – **वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच,** निश्चित किया गया है।

**********

केन्द्र सरकार ने पन्द्रहवें वित्त आयोग अनुदान के तहत उत्तर प्रदेश और आंध्रप्रदेश में ग्रामीण विकास के लिए दो हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के लिए एक हजार पांच सौ अट्ठानबे करोड़ रुपये से अधिक और आंध्रप्रदेश के लिए चार सौ छियालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है।

**********

प्रदेश के डीजीपी प्रशान्त कुमार ने कहा है कि अगले वर्ष जनवरी में प्रयागराज में शुरू हो रहे महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये सात स्तरीय सुरक्षा प्रणाली लागू की जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय, अन्तर्राज्यीय और जिले में प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं की जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि मेला परिसर के अन्दर चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। महाकुंभ मेला परिसर में सुरक्षा के लिये एआई आधारित सीसी टीवी कैमरों, ड्रोन और एन्टी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों के हवाले की जा रही है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर कॉरिडोर का भी निर्माण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को स्नान–ध्यान करने में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

**********

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर के उन्हें प्रयागराज महाकुंभ दो हजार पच्चीस के लिये आमंत्रित किया है। दोनों मंत्रियों ने उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से निमंत्रण पत्र, प्रतीक चिन्ह और कलश भेंट किया।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज सुबह से ही बादल छाए रहने के साथ ही ठंड बढ़ गयी है। हमीरपुर, बदायूं, उन्नाव, कन्नौज और कानपुर सहित कुछ जिलों में सुबह बूंदाबांदी हुयी। वहीं मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, बांदा, फतेहपुर, राय बरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, उन्नाव, सहारनपुर और गोंडा में हल्की वर्षा की सांभावना जतायी है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के मुताबिक कल से मौसम फिर से साफ होने की उम्मीद है जो दो दिन तक जारी रहेगा। लेकिन, एक और पश्चिमी विक्षोभ सत्ताइस और अट्ठाइस दिसम्बर को बन रहा है जिससे प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बारिश होने के साथ ही ओले पड़ने की भी सम्भावना है।

**********